**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन, जयपुर**

## हनुमान जयंती पर हनुमान जी की शोभायात्रा निकली

### राज्यपाल श्री बागडे ने आरती कर शोभायात्रा का किया शुभारंभ

जयपुर, 12 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने हनुमान जयंती पर हनुमन्त शोभायात्रा समिति, जयपुर द्वारा आयोजित हनुमानजी के रथ की शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने संत-महंतों की उपस्थिति में मुख्य रथ पर विराजमान हनुमान जी की आरती उतारकर विधिवत पूजा–अर्चना की।

राज्यपाल ने शोभायात्रा का पूजा कर शुभारंभ करते हुए हनुमान जी से सभी की खुशहाली और संपन्नता की कामना की।

-------

## राज्यपाल ने दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में आरती में भाग लिया

जयपुर, 12 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे शनिवार को दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम पहुंचे। उन्होंने वहां आयोजित हनुमान जन्मोत्सव पर आरती में भाग लिया। उन्होंने बालाजी के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और बालाजी की आरती उतारी।

मंदिर पहुँचने पर विधायक स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य ने राज्यपाल का दुप्पटा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

-----






श्री श्री 1008 आचार्य महामण्डलेश्वर
श्री बालमुकन्दाचार्य जी महाराज ,
ऊँची पेडी, हाथौज
विधायक : हवामहल
मीणा
प्रेमी


।। जय हनुमान ।।
।। जय हनुमान ।।
श्री हनुमंत शोभा यात्रा समिति

